आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 28.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्‌घाटन करेंगे। उद्‌घाटन समारोह को लेकर लोगों में उत्साह।
- देशभर के लगभग 10 हजार खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा ले रहे हैं।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा – विभिन्न राजकीय विद्यालयों में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों को बर्खास्त किया जाएगा।
- आईआईटी रुड़की में भारतीय संस्कृति, कला और परंपरा को समाहित किए हुए 14 दिवसीय विरासत कार्यक्रम शुरू।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में आज से 38वें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर में राष्ट्रीय खेलों का उद्‌घाटन करेंगे। राष्ट्रीय खेलों के मेजबानी को लेकर उत्तराखंड पूरी तरह तैयार है। आज का दिन–उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है, क्योंकि, 25 साल के युवा उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश को इस बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर में राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्‌घाटन करेंगे। राष्ट्रीय खेलों को लेकर आम जनता और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम में पहुंच रहे हैं। वहीं, सुरक्षा को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। राष्ट्रीय खेलों में आम जनता के लिये प्रवेश निःशुल्क रहेगा, लेकिन प्रवेश के लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य है। इस बार के नेशनल गेम्स में 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के लगभग दस हजार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उत्तराखंड के 8 जिलों के 11 शहरों में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों के दौरान 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं आयोजित की जानी हैं। खेलों में प्रतिभाग करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से खिलाड़ियों और अतिथियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। खिलाड़ियों और स्टाफ को मिलाकर 16 हजार से अधिक लोगों के उत्तराखंड पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। खेल प्रतियोगिताएं 14 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

राष्ट्रीय खेल उद्‌घाटन

इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्‌घाटन करने के लिए देहरादून पहुंच गए हैं। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में क्रिकेट ग्राउंड में बनाए अस्थाई हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर उतरा। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। इस बीच, देशभर के लगभग 10 हजार खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, नीलेश आनंद भरणे ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के उद्‌घाटन के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया गया है।

टिहरी सजीव प्रसारण

उधर, राष्ट्रीय खेलों के उद्‌घाटन समारोह का सजीव प्रसारण नई टिहरी सहित सहित जिले की सभी तहसीलों और विकासखंड मुख्यालयों में किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं।

राष्ट्रीय खेल चंपावत

38वें राष्ट्रीय खेलों में रिवर राफ्टिंग को शामिल करने के बाद चम्पावत जिले में इसके आयोजन को लेकर तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। टनकपुर–पूर्णागिरि क्षेत्र में काली नदी पर इसका आयोजन प्रस्तावित है। जिले के पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद कुमार गौड़ ने बताया कि टनकपुर में 8 से 10 फरवरी के बीच राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे राफ्टिंग के क्षेत्र में टनकपुर को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी, जिससे जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

धन सिंह रावत

प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न राजकीय विद्यालयों में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों को बर्खास्त किया जाएगा। ड्यूटी से नदारद इन शिक्षकों पर ठोस कार्रवाई के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों को प्रदेशभर में 10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शिता से कराने को कहा है। विद्यालयी शिक्षा मंत्री ने आज देहरादून में विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सरकार, शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है, लेकिन कुछ शिक्षक नियमों को ताक पर रखकर स्कूलों से नदारद हैं। ऐसे शिक्षकों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। विभागीय मंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने और निर्धारित समय पर बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं।

आईआईटी में विरासत

आईआईटी रुड़की में भारतीय संस्कृति, कला और परंपरा को समाहित किए हुए विरासत कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। कार्यक्रम के संयोजक पंकज मल्होत्रा ने बताया 14 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के आईआईटी के छात्र भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य छात्रों और को भारत की अनूठी संस्कृति कला और परंपरा से अवगत कराना है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पद्मश्री पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध कठपुतली कलाकार दादी पदुमजी का कठपुतली प्रदर्शन रहा। उनकी कलात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पद्मश्री दादी पुदुमजी ने कहा कि कठपुतली कला के माध्यम से उनका उद्देश्य युवा पीढ़ियों को भारत की लोक कथाओं और परंपराओं से जोड़ना है।

एनीमिया कार्यशाला

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत चंपावत में एक दिवसीय संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि कार्यशाला में जिले के सभी ब्लॉक के चिकित्सकों, एएनएम और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एनीमिया मुक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि 3 फरवरी को चम्पावत सहित राज्य के सभी जिलों में गर्भवती महिलाओं के खून की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई जायंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान इन महिलाओं को 100 रुपये से लेकर 300 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

बजट तैयारियां

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन अगले महीने की पहली तारीख को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आम बजट पेश करने की तैयारी कर रही है। विशेषज्ञों और आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार आगामी बजट में सरकार देश में सुदृढ़ ढांचा बनाने पर बल देते हुए विकास, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी।